फोन नं0–05442–245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 817 / एम–6 / 128 दिनांक 13-07-2026

विषयः– जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 11.07.2026 को "कातोपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन में लीकः सड़क पर पानी जमा, ग्रामीण परेशान, भाजपा नेता ने विधायक से शिकायत की बात कही" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 11.07.2026 को "कातोपुर में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन में लीकः सड़क पर पानी जमा, ग्रामीण परेशान, भाजपा नेता ने विधायक से शिकायत की बात कही" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाडी में दांती ग्राम समूह पेयजल योजना–सतही स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम कतोपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व में बिछायी गयी पेयजल पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन मरम्मतीकरण कार्य पूण कर दिया गया है। ग्राम कातोपुर में जिला पंचायत, मीरजापुर द्वारा सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य के दौरान पूर्व में बिछायी गयी पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण ग्राम के 23 नग हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है। उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के मरम्मतीकरण कार्य हेतु जिला पंचायत, मीरजापुर से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।





भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता